Shri Mata Mansa Devi Shrine Board
PANCHKULA, DISTRICT PANCHKULA
श्री माता मनसा देवी पूजास्थल बोर्ड, हरियाणा
पंचकूला, जिला पंचकूला 0172-2920988

## नियम एवं शर्ते

1. बोलीदाता को बोली प्रारम्भ होने से पूर्व 20,000/—रूपये बतौर पंजीकरण—कम—सिक्योरिटी राशि जमा करवानी होगी जोकि असफल बोलीदाता को नीलामी खत्म होने पर लोटा दी जायेगी। बोली हेतु पंजीकरण दिनांक 12.08.2025 को प्रातः 11.00 बजे शुरू होकर दोपहर 01.00 बजे तक होगी और नीलामी दोपहर 02.00 बजे शुरू होगी। निश्चित समय के बाद किसी से कोई सिक्योरिटी राशि नही ली जायेगी।
2. नीलामी lumpsum आधार पर की जायेगी।
3. नीलामी के सामान का रिजर्व मूल्य .................... + जी0एस0टी0 होगा।
4. सफल बोलीदाता को नीलामी में दिखाये गये सामान को मन्दिर परिसर से बिना पूजास्थल बोर्ड की सम्पति को नुकसान पहुचाये अपने खर्च पर हटाना/उठाना होगा। अगर इस प्रक्रिया में पूजास्थल बोर्ड की सम्पत्ति को किसी भी तरह का नुकसान पहुँचता है या कोई दुर्घटना होती है तो उसकी जिम्मेवारी ठेकेदार की होगी और ठेकेदार को जान या माल की हुई हानि की भरपाई करनी पडेगी।
5. नीलामी किसी एक व्यक्ति/या एक एजेंसी को आबंटित की जायेगी।
6. सफल बोलीदाता को अधिकतम बोली की 25 प्रतिशत राशि मौके पर ही जमा करवानी होगी और बाकि की 75 प्रतिशत राशि बोली छुटने के 48 घन्टे में जमा करवानी होगी। स
7. अगर सफल बोलीदाता बोली की राशि जमा करवाने में असफल रहता है तो दूसरे अधिकतम बोलीदाता को मौका दिया जायेगा। अगर दूसरा अधिकतम बोलीदाता भी बोली की राशि जमा करवाने में असमर्थ रहता है तो तीसरी अधिकतम बोलीदाता को मौका दिया जायेगा। अगर सफल बोलीदाता जिसके नाम नीलामी छोडी गई हो, बोली के नियम एवं शर्तो की पालना में असफल रहता है तो उसकी सिक्योरिटी राशि तथा जमा राशि जब्त कर ली जायेगी।
8. सफल बोलीदाता की सिक्योरिटी राशि सफल बोलीदाता द्वारा तय समय में सामाना उठाकर जगह खाली करने के बाद और अधोहस्ताक्षरी की संतुष्टि के बाद ही वापसी की जायेगी। अगर ठेकेदार तय समय में जगह खाली करने में असमर्थ रहता है तो उसकी सिक्योरिटी राशि और जमा राशि जब्त कर ली जायेगी।
9. नीलामी से पूर्व सामान का निरीक्षण किया जा सकता है। बाद में कोई भी क्लेम नहीं माना जायेगा।
10. नीलामी समिति बोली को मानने या बिना कारण निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
11. बोली की पूर्ण राशि जमा करवाने पर ही बोलीदाता नीलामी का हकदार नहीं बन जाता है बोली मुख्य प्रशासक, श्री माता मनसा देवी पूजास्थल बोर्ड, पंचकूला की लिखित मंजूरी के बाद ही मान्य मानी जायेगी।
12. लागू जीएसटी बोली राशि के ऊपर अतिरिक्त शुल्क के रूप में वसूला जाएगा।

Shri Mata Mansa Devi Shrine Board
PANCHKULA, DISTRICT PANCHKULA
श्री माता मनसा देवी पूजास्थल बोर्ड, हरियाणा
पंचकूला, जिला पंचकूला 0172-2920988

## श्री माता मनसा देवी पूजास्थल बोर्ड, पंचकुला।
### सार्वजनिक खुली नीलामी सूचना

श्री माता मनसा देवी पूजास्थल बोर्ड, पंचकुला द्वारा विभिन्न प्रकार के कंडम सामान जैसे कि लोहा, प्लास्टिक, बिजली का सामान, पानी की फिटिंग एवं इलक्ट्रोनिक उपकरण इत्यादि की खुली नीलामी दिनांक 12.08.2025 को दोपहर 02.00 बजे कमेटी रूम में निर्धारित की गई है। इच्छुक व्यक्ति/पार्टियॉ निर्धारित तिथि व समय पर कमेटी रूम, श्री माता मनसा देवी पूजास्थल बोर्ड, पंचकूला में पहुच कर खुली नीलामी की प्रकिया में भाग ले सकती है। इच्छुक व्यक्ति/पार्टी को खुली नीलामी की प्रकिया में भाग लेने से पूर्व 20000/– रूपये की राशि बतौर धरोहर जमा करवानी होगी। नीलामी की पूर्ण जानकारी व शर्ते बोर्ड की वेबसाईट www.mansadevi.org.in पर देखी जा सकती है।

Email Id: jaimansadevimaa@gmail.com

सम्पर्क दूरभाषः 0172-2920988